# बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल

क्रमांकः 120/भण्डार/2020 भोपाल, दिनांकः 07-09-20

## फोटोकापी कार्य की खुली प्रथम ई-निविदा

बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल के विभिन्न प्रशासनिक कक्षों एवं शैक्षणिक विभागों के कार्यालयीन कार्य को सुगमता पूर्वक करने के दृष्टिगत् सत्य भवन में फोटोकापी कार्य हेतु खुली ई-निविदा आमंत्रित की जाती है।

इच्छुक निविदाकर्ता जो इस निविदा में भाग लेना चाहते है वे वेबसाईट **https://www.mptenders.gov.in** लॉग आन कर फार्म डाउनलोड कर भाग ले सकते है। फर्मो द्वारा खुली ई-निविदा वेबसाईट **https://www.mptenders.gov.in** आन लाईन प्रस्तुत करने पर ही मान्य की जावेगी। इस खुली ई-निविदा की हार्डकापी को विश्वविद्यालय में प्रस्तुत करने की आवश्यकता नहीं है।

निविदा की शर्ते, प्रक्रिया एवं प्रपत्र बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल की वेबसाईट www.bubhopal.ac.in पर भी उपलब्ध है।

इस निविदा का अनुमानित मूल्य रूपये 6-00 लाख (रूपये छः लाख मात्र) है। निविदा फार्म का मूल्य रूपये 1,000/- (रूपये एक हजार मात्र) जो कि वापसी योग्य नहीं है। सुरक्षा निधि राशि रूपये 12,000-00 (रूपये बारह हजार मात्र) है। इन्हे आन लाईन जमा किया जाना है।

इस निविदा में किसी संशोधन की स्थिति में उपरोक्त दोनों बेब साईट पर ही संशोधन प्रकाशित किया जावेगा। संशोधनों का समाचार पत्रों में प्रकाशित नहीं किया जावेगा।

इस निविदा को जमा तथा खोलने का विवरण निम्नांकित है:-

| Sr. No | Description | Date | Time |
|---|---|---|---|
| 01 | Published date | 07-09-2020 | निविदा आन लाईन प्रस्तुत करने तथा खोलने का समय वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर दर्शित है। |
| 02 | Document Download/Sale Start date | 07-09-2020 | |
| 03 | Submission start date | 07-09-2020 | |
| 04 | Download/Sale End Date | 28-9-2020 | |
| 05 | Submission End Date | 28-9-2020 | |
| 06 | Opening Date | 29-9-2020 | |

कुलसचिव

अनुभाग अधिकारी (भण्डार)
बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल

# बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल

## फोटोकापी कार्य की प्रथम खुली ई–निविदा वर्ष 2020

### भाग–1
### आवेदन की प्रक्रिया एवं सामान्य जानकारी

**परिचय :–**

बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल में प्रशासनिक परीक्षा संबंधी कार्य सत्यभवन में संचालित होते है। इसके साथ ही मुक्त एवं दूरवर्ती शिक्षा संस्थान, एन.एस.एस., एक्वाकल्चर विभाग, शारीरिक शिक्षा विभाग, विश्वविद्यालय मुद्रणालय, बी.एड. विभाग, माईक्रोबायलॉजी विभाग, अर्थ साइन्स विभाग, भौतिकी एवं इलैक्ट्रानिक्स विभाग, यूसिक, बायोसाइन्स विभाग, जेनेटिक्स विभाग, बायो केमेस्ट्री विभाग, पर्यावरण विभाग, बायोटेक्नोलॉजी विभाग, फार्मेसी विभाग, महिला अध्ययन विभाग, इन्जिनियरिंग कालेज, भाषा विभाग, कामर्स विभाग, मनोविज्ञान विभाग, रिजनल प्लानिंग एवं इकोनामिक्स ग्रोथ विभाग, समाजशास्त्र विभाग, विधि विभाग, एम.बी.ए. विभाग तथा छः छात्रावास, अतिथि गृह, आदि विभाग कार्यरत है।

विश्वविद्यालय के शैक्षणिक विभागों में यू.जी.सी. एवं विभिन्न एजेन्सियों से प्राप्त अनुदान से अनुसंधान कार्य किया जाता है।

सत्य भवन में मुख्य प्रशासकीय विभाग स्थित है, जैसेः– प्रशासन विभाग, लेखा विभाग, विकास विभाग, अकादमी विभाग, भण्डार विभाग, यांत्रिकी विभाग, परीक्षा विभाग, गोपनीय विभाग, छात्र कल्याण विभाग, कुलपति कार्यालय एवं कुलसचिव कार्यालय आदि है।

**निविदा का उद्देश्य :–**

निविदा का मुख्य उद्देश्य बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल के विभिन्न विभागों के कार्यालयीन कार्य संपादित करने में फोटोकापी कार्य की आवश्यकता होती है। जैसे की विभिन्न विभागों में समिति के मिनिट्स, आदेश एवं परिपत्र तथा सूचनाओं की फोटोकापी एवं स्पाईरल बाईण्डिग का कार्य आदि। विश्वविद्यालय में प्रतिदिन आने वाले छात्रों को भी फोटोकापी की आवश्कता होती है। उनके लिए सत्य भवन में स्थित फोटोकापीयर होने से वे तत्काल फोटोकापी करा सकते है।

**निविदा का क्रय एवं सुरक्षा निधि :–**

निविदा फार्म का मूल्य रूपये 1,000/– (रूपये एक हजार मात्र) है जो कि वापसी योग्य नहीं है तथा सुरक्षा निधि राशि रूपये 12,000–00 (रूपये बारह हजार मात्र) है। इन्हें आन लाईन जमा किया जाना है।

**निविदा प्रस्तुत करने की प्रक्रिया :–** निविदा की शर्ते तथा पात्रता बेब साईट **https://www.mptenders.gov.in** पर उपलब्ध है। यह निविदा ऑन लाईन प्रस्तुत करने पर ही मान्य की जावेगी। यह निविदा विश्वविद्यालय की वेब साईट **www.bubhopal.ac.in** पर भी अवलोकनार्थ उपलब्ध है। इस निविदा में संशोधन की स्थिति में उक्त दोनों वेब साईट पर संशोधन प्रकाशित किया जावेगा। संशोधन को समाचार पत्रों में प्रकाशित नहीं किया जावेगा। इस निविदाको हार्डकापी में विश्वविद्यालय में प्रस्तुत करने की आवश्यकता नहीं है। इस निविदा को आन लाईन प्रस्तुत करने तथा खोलने का विवरण निम्नांकित है:–

| Sr. No | Description | Date | Time |
|---|---|---|---|
| 01 | Published date | 07-9-2020 | निविदा आन लाईन प्रस्तुत करने तथा खोलने का समय वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर दर्शित है। |
| 02 | Document Download/Sale Start date | 07-9-2020 | |
| 03 | Submission start date | 07-9-2020 | |
| 04 | Download/Sale End Date | 28-9-2020 | |
| 05 | Submission End Date | 28-9-2020 | |
| 06 | Opening Date | 29-9-2020 | |

अनुभाग अधिकारी (भण्डार)
बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल

यदि अपरिहार्य कारणों से निविदा निर्धारित तिथि पर नहीं खुल सका तो यह निविदा आगामी कार्य दिवस में दोपहर 3–30 बजे खोला जाएगा।

<u>निविदा की चयन पद्धतिः–</u>

**प्रक्रिया–1 :–** सर्वप्रथम फर्मो द्वारा ऑन लाईन फार्म फीस तथा सुरक्षा निधि राशि जमा राशि देखी जावेगी। इसमें सफल फर्मो को प्रक्रिया–2 के लिए मान्य किया जावेगा।

**प्रक्रिया–2 :–** फर्मो द्वारा प्रस्तुत निविदा का तकनीकी मूल्यांकन किया जावेगा।

**प्रक्रिया–3 :–** तकनीकी रूप से सफल फर्मो की वित्तीय निविदा खोली जाएगी। यह वित्तीय निविदा ऑन लाईन प्रस्तुत की जाना है। वित्तिय निविदा में से न्यूनतम दर प्रस्तुत करने वाली फर्म का चयन किया जावेगा।

अनुभाग अधिकारी (भण्डार)
बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल

# बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल

## फोटोकापी कार्य की प्रथम खुली ई–निविदा वर्ष 2019

| |
|---|
| भाग–2<br>आवश्यक अहर्ताएं<br>निम्नांकित दस्तावेज पर फर्म के अधिकृत व्यक्ति के सील सहित हस्ताक्षर कर अपलोड किए जाने चाहिए। दस्तावेज की स्केन प्रति स्पष्ट एवं पढ़ने योग्य होना चाहिए। इसके अभाव में फर्म द्वारा प्रस्तुत निविदा को निरस्त किया जावेगा |

(1) निविदा फार्म क्रय रूपये 1,000/– (रूपये एक हजार मात्र) जमा की रसीद की फोटोप्रति संलग्न करें।

(2) सुरक्षा निधि रूपये 12,000/– (रूपये बारह हजार मात्र) ऑन लाईन जमा की रसीद की फोटोप्रति संलग्न करें।

(3) फर्म के पास विगत तीन वित्तीय वर्ष (2019–20, 2018–19, 2017–18) में किसी शासकीय/अर्द्धशासकीय/ शैक्षणिक संस्था/विश्वविद्यालय में फोटोकापी एवं स्पाईरल बाईण्डिग कार्य का अनुभव होना चाहिए। उक्त वर्षो के प्रमाण पत्र / कार्य आदेश की प्रति संलग्न करें।

(4) फर्म के पास विगत तीन वित्तीय वर्ष (2019–20, 2018–19, 2017–18) में प्रत्येक वर्ष में रूपये 5–00 लाख (रूपये पॉच लाख मात्र) का टर्न ओवर होना चाहिए। स्व सत्यापित बेलेन्सशीट की प्रति भी संलग्न करें।

(5) असेसमेन्ट वर्ष (2019–20, 2018–19, 2017–18) के आयकर रिटर्न की प्रति संलग्न करें।

(6) फर्म किसी शासकीय/अर्द्धशासकीय/विश्वविद्यालय/संस्था से ब्लेक लिस्ट नहीं होना चाहिए तथा फर्म के विरूद्ध कोई अनुशासनात्मक कार्यवाही नहीं होना पायी जाना चाहिए। इस संबंध में रूपये 100–00 के स्टाम्प पेपर पर नोटरी से सत्यापित शपथ पत्र प्रस्तुत करे।

(7) PAN CARD संलग्न करना आवश्यक है।

(8) वैध रजिस्ट्रेशन की प्रति संलग्न करना आवश्यक है।

(9) प्रपत्र–1

अनुभाग अधिकारी (भण्डार)
बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल

प्रपत्र–1

प्रति,

कुलसचिव,
बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल

विषयः– फोटोकापी एवं स्पाईरल बाईण्डिग कार्य की प्रथम खुली ई–निविदा वर्ष 2020.

महोदय,

उपरोक्क्त विषयाानतर्गत् निवेदन है कि बरकतउल्ला विश्वविद्यालय द्वारा फोटोकापी एवं स्पाईरल बाईण्डिग कार्य की प्रथम खुली ई–निविदा वर्ष 2020 में चाही गयी जानकारी एवं घोषणा पत्र निम्नानुसार हैः–

| सं.क्रं. | विवरण | |
|---|---|---|
| 01 | .फर्म का नाम | |
| 02 | फर्म के प्रतिनिधि का नाम | |
| 02 | कार्यालयीन पंजीकृत पता | |
| 03 | दूरभाष नम्बर | |
| 05 | मोबाईल नम्बर | |
| 06 | ई–मेल आई.डी. | |

## घोषणा पत्र

मै घोषण करता हूॅ कि हमारी फर्म द्वारा फोटोकापी एवं स्पाईरल बाईण्डिग कार्य की खुली प्रथम ई–निविदा दिए गए सभी निर्देश / शर्तों का सावधानीपूर्वक अध्ययन कर लिया गया है एवं निविदा की शर्तो के अधीन बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल में फोटोकापी एवं स्पाईरल बाइण्डिग संबंधी कार्य करने हेतु अपनी सहमति प्रदान करते हैं। हमारी फर्म द्वारा कोई भी तथ्य छिपाया नहीं गया है तथा प्रस्तुत जानकारी गलत नहीं है। यदि भविष्य मे कोई जानकारी गलत पायी जाती है तो विश्वविद्यालय को अधिकार होगा कि वह फर्म द्वारा जमा सुरक्षा निधि जब्त करते हुए फर्म के विरूद्ध कानूनी कार्यवाही कर सकेगा।

फर्म के अधिकृत हस्ताक्षर सील सहित

अनुभाग अधिकारी (भण्डार)
बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल

# बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल

## फोटोकापी कार्य की प्रथम खुली ई–निविदा वर्ष 2020

### भाग–3
### अन्य शर्ते

(1) निविदा मे सफल फर्म को कुलसचिव, बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल के साथ एक सप्ताह में अनुबन्ध संपादित करना होगा। यह अनुबन्ध एक वर्ष के लिए किया जावेगा। विश्वविद्यालय द्वारा इसकी सूचना सफल फर्म को डाक/ईमेल से दी जावेगी।

(2) निविदा मे सफल फर्म की कार्य कुशलता को देखते हुए अनुबन्ध में 5 वर्ष की वृद्धि (एक वर्ष में एक बार) की जा सकती है। इस अवधि में दरों में वृद्धि मान्य नहीं होगी।

(3) स्वीकृत/अस्वीकृत निविदा के साथ जमा की गई सुरक्षा राशि पर किसी भी प्रकार का ब्याज देय नहीं होगा।

(4) जिस फर्म की निविदा मान्य नहीं होगी उनकी सुरक्षा निधि राशि लौटा दी जावेगी।

(5) यदि निविदा मे सफल फर्म विश्वविद्यालय द्वारा दी गई समय सीमा में अनुबन्ध करने में असमर्थता व्यक्त करती है अथवा अनुबन्ध के बाद कार्य प्रारम्भ नहीं करती है तो फर्म द्वारा जमा सुरक्षा निधि राशि जब्त कर ली जावेगी।

(6) अनुबन्ध की तारीख से निविदा में सफल फर्म को 7 दिवस में विश्वविद्यालय में कार्य प्रारम्भ करना होगा।

(7) बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल को यह अधिकार होगा कि फर्म को सौपें गए कार्य को ठीक से न करने पर अनुबन्ध को किसी भी समय निरस्त कर सकता है।

(8) बरकतउल्ला विश्वविद्यालय को अधिकार होगा कि वह किसी भी निविदा को बिना कोई कारण बताए निरस्त कर दे। इस संबंध में कोई पत्राचार मान्य नहीं होगा।

(9) निविदा में सफल फर्म को बरकतउल्ला विश्वविद्यालय परिसर में ही कार्य करना होगा। किसी भी रूप में कोई भी दस्तावेज किसी भी कारण से विश्वविद्यालय परिसर से बाहर नहीं ले जाया जावेगा। विश्वविद्यालय के दस्तावेजों एवं अन्य जानकारी की गोपनीयता बनाए रखना होगा तथा कोई भी जानकारी अनाधिकृत व्यक्ति को बताना वर्जित है। ऐसा पाये जाने पर नियामानुसार अनुशासनात्मक कार्यवाही की जावेगी।

(10) निविदा में सफल फर्म को विश्वविद्यालय की आवश्यक्तानुसार अवकाश के दिवसों में भी कार्य पूर्ण कर देना होगा।

(11) यदि फर्म अनुबन्ध की शर्तो अनुसार समयावधि में कार्य सम्पन्न नही कर पाती है अथवा फर्म के कर्मियों द्वारा घोर लापरवाही, अनियमितता, कार्य में ढिलाई या उनका व्यवहार ठीक न होने का दोषी पाया जाता है तो फर्म द्वारा जमा सुरक्षा निधि जब्त की जा सकेगी। साथ ही फर्म को देय भुगतान से कटौति का अधिकार बरकतउल्ला विश्वविद्यालय को होगा।

(12) निविदा में सफल फर्म द्वारा की गई फोटोकापी स्वच्छ एवं पठनीय होना चाहिए तथा किसी प्रकार की शिकायत प्राप्त होने पर अनुबन्ध समाप्त किया जावेगा।

(13) फर्म द्वारा अनुबन्ध की शर्तो अनुसार किए जाने वाले कार्य की समीक्षा विश्वविद्यालय द्वारा की जावेगी। इस समीक्षा में फर्म के प्रमुख को उपस्थित होना आवश्यक है।

(14) दोनों पक्षों में से यदि कोई भी पक्ष अनुबन्ध समाप्त करना चाहता है तो उसे न्यूनतम 03 माह की पूर्व सूचना देना आवश्यक हैं। आपात स्थिति में विश्वविद्यालय के पास कभी भी अनुबन्ध समाप्त करने का अधिकार सुरक्षित रहेगा।

(15) निविदा में सफल फर्म को प्रत्येक माह के अंत में बिल कुलसचिव, बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल के नाम से प्रस्तुत करना होगा।

अनुभाग अधिकारी (भण्डार)
बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल

(16) विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों/कक्षों से फोटोकापी कार्य हेतु एक निर्धारित प्रारूप में स्लिप जारी की जावेगी। जिसमें संबंधित विभाग तथा भण्डार शाखा से अधिकृत एक कर्मचारी के हस्ताक्षर होगें। यह स्लिप प्राप्त करने के पश्चात ही निविदा में सफल फर्म फोटोकापी कार्य करेगा।

(17) विश्वविद्यालय द्वारा निविदा में सफल फर्म को किए जाने वाले भुगतान से नियमानुसार टी.डी.एस. की कटौति की जावेगी।

(18) निविदा विषयक विवाद की स्थिति में बरकतउल्ला विश्वविद्यालय भोपाल का निर्णय अंतिम होगा।

(19) न्यायालय विवाद की स्थिति में क्षेत्राधिकार भोपाल न्यायालय होगा।

(20) फर्म द्वारा निविदा में प्रस्तुत मूल दस्तावेजो का अवलोकन विश्वविद्यालय द्वारा मांगे पर फर्म को प्रस्तुत करना होगा। इन दस्तावेजों का संबंधित विभाग से आवश्यकता होने पर सत्यापन कराया जा सकेगा दस्तावेजों में कोई विसंगति पाये जाने पर विश्वविद्यालय का निर्णय अंतिम होगा एवं सुरक्षा निधि राजसात की जा सकती है।

(21) निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने की शक्ति विश्वविद्यालय को होगी। निविदाकार तथा विश्वविद्यालय के मध्य कोई विवाद अथवा भ्रम की स्थिति उत्पन्न होने पर कुलपति, बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल का निर्णय अंतिम होगा जो दोनो पक्षों का मान्य होगा।

(22) निविदा प्रक्रिया के संबंध में किसी भी प्रकार की व्याख्या (Interpretation) का प्रश्न उपस्थित होने पर कुलपति बरकतउल्ला विश्वविद्यालय का निर्णय अंतिम होगा।

(23) निविदाकारों द्वारा प्रस्तुत की गई वित्तीय दर समान होने पर समिति स्वविवेक से पैरामीटर / प्रक्रिया निर्धारित कर सफल निविदाकर्ता के निर्धारण हेतु निर्णय लेने के लिए अधिकृत होगी। इस संबंध में किसी भी प्रकार का दावा/आपत्ति मान्य नहीं होगी।

(24) निविदा खोलते समय फर्म के अधिकृत प्रतिनिधि उपस्थित हो सकते है।

(25) फर्म के कर्मचारियों को कार्य हेतु स्थान, बिजली आदि विश्वविद्यालय द्वारा उपलब्ध कराया जावेगा।

(26) फर्म को फोटोकापियर मशीन, स्पाईरल बाईण्डिग मशीन, कटर मशीन एवं फोटोकापी पेपर, टोनर, फोटोकापीयर का मेन्टेनेन्स एवं अन्य संबंधित उपकरण आदि की व्यवस्था स्वयं करना होगी।

(27) निविदाकार की कोई शर्त मान्य नहीं होगी।

अनुभाग अधिकारी (भण्डार)
बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल

# बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल

## फोटोकापी कार्य की प्रथम खुली ई–निविदा वर्ष 2020

### भाग–4

### वित्तीय निविदा

| | |
|---|---|
| फर्म का नाम | |

| सं.क्रं | विवरण | दर (रूपये प्रति नग अंको में) |
|---|---|---|
| 1 | ए–4 साईज की फोटोकापी प्रति नग रूपये में | |
| 2 | ए–3 साईज की फोटोकापी प्रति नग रूपये में | |
| 3 | फुल साईज फोटोकापी प्रति नग रूपये में | |
| 4 | स्पाईरल बाइंडिग की दर प्रति सेट रूपये में | |

| | |
|---|---|
| कर का नाम एवं दर | |
| कर का नाम एवं दर | |

अनुभाग अधिकारी (भण्डार)
बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल